Register your product and get support at

www.philips.com/welcome

HTS3533




PHILIPS

## *WARRANTY*

This Philips Home Theatre System is covered under warranty against any defect arising out of faulty or defective material or workmanship for a period of 12 Months from the date of purchase.

Should a defect develop during the period of warranty, Philips Electronics India Limited undertakes to repair the apparatus free of charge through an Authorised Philips service centre. If the purchaser shifts his residence to other town, the warranty will be valid at the nearest Authorised Philips service center.

**The Warranty is not valid in case**:

- Proof of purchase is not accompanied with this warranty form
- This warranty form is not completed immediately after purchase
- The Apparatus is not used according to this manual
- Defects are caused by improper or reckless use
- Any repair work are done by person other than Authorised Philips service center
- Any modification or alteration of any nature are made in the apparatus
- The serial number is tampered
- Defects due to causes beyond control like lightning, abnormal voltage, Acts of God or while in transit to the purchaser's residence

***Maintenance Tips for your Home Theatre System:***

- Always keep a Disc loaded in your Home Theatre System tray.
- Keep the home theatre away from the dusty areas. Keep it covered with a dust cover.
- Clean your Home Theatre System Lens after every 20 Discs played.
    - Use the 2 brush Philips DVD Lens Cleaner SVC2520 for best results.
- Clean the CDs / VCD / DVD / MP3 CD before inserting in your Home Theatre System

# Philips Electronics India Limited,

**Registered Office: 7, Justice Chandra Madhab Road, Kolkata – 700 020**

*For Any Sales & Service Enquiry:*

Email us at customercare.india@philips.com

Call us on Tel No. 1800 102 2929 *
1860 180 1111 *
0124- 429 1111*

*Standard Call rates apply for the calls made to above telephone lines

***Pls fill the following for your reference and warranty validity:-***

- Serial No:________________________________
- Bill No. & Date of Purchase:________________
- Purchaser's Name:_________________________
- Location & Tel No.:________________________
- Dealer's Name:____________________________
- Location & Tel No:_________________________
- Dealer's Stamp & Sign:_____________________

# विषय-सूची


1 महत्वपूर्ण 2
- सुरक्षा 2
- अपने उत्पाद की देखभाल 2
- पर्यावरण की देखभाल 3
- मदद और समर्थन 3

2 आपका होम थिएटर 3
- मुख्य इकाई 3
- कनेक्टर्स 3
- रिमोट कंट्रोल 4

3 कनेक्ट करें और सेटअप करें 6
- स्पीकर्स कनेक्ट करें 6
- TV से कनेक्ट करें 6
- ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें 7
- स्पीकर्स सेट करें 7
- EasyLink (HDMI-CEC नियंत्रण) सेट करें 8

4 अपने होम थिएटर का उपयोग करें 9
- डिस्क 9
- डेटा फ़ाइलें 9
- USB संग्रहण डिवाइसेज़ 10
- ऑडियो, वीडियो और चित्र विकल्प 10
- रेडियो 11
- MP3 प्लेयर 11
- MP3 फाईल बनाएं. 12
- ध्वनि का चयन करें 12

5 सेटिंग्स परिवर्तित करें 13
- भाषा सेटिंग्स 13
- चित्र और वीडियो सेटिंग्स 13
- ऑडियो सेटिंग्स 13
- अभिभावक नियंत्रण सेटिंग्स 13
- प्रदर्शन सेटिंग्स 14
- ऊर्जा बचत सेटिंग्स 14
- डिफ़ाल्ट सेटिंग्स पुनर्स्थापित करें 14

6 सॉफ़्टवेयर का अघतन करें 14
- सॉफ़्टवेयर संस्करण जाँचें 14
- USB के द्वारा सॉफ़्टवेयर अघतन करना 14

7 उत्पाद विनिर्देशन 15

8 समस्या निवारण 17

9 सूचना 18
- कॉपीराइट 18
- ट्रेडमार्क्स 18

10 अनुक्रमणिका 19


हिंदी

# 1 महत्वपूर्ण

अपने उत्पाद का उपयोग करने से पहले सभी निर्देशों को पढ़ और समझ लें. यदि निर्देशों का अनुसरण करने में विफलता के कारण नुकसान हुआ है, तो वारंटी लागू नहीं होती.

## सुरक्षा

विघुत के झटके या आग का खातरा!

- उत्पाद या एक्सेसरीज़ को कभी भी बारिश या पानी में न ले जाएँ. तरल पदार्थों के कंटेनर्स, जैसे फूलदान उत्पाद के पास कभी भी न रखें. यदि तरल पदार्थ उत्पाद पर या उसमें फैल जाते हैं, तो इसे तुरंत पावर आउटलेट से डिस्कनेक्ट कर दें. उपयोग करने से पहले उत्पाद की जाँच कराने के लिए Philips उपभोक्ता सेवा से संपर्क करें.
- उत्पाद और एक्सेसरीज़ को कभी भी सीधी धूप सहित खुली लपटों या अन्य गर्म स्रोतों के पास न रखें.
- उत्पाद में कभी भी हवा आने-जाने वाले खाँचों या अन्य खुले स्थानों पर ऑब्जेक्ट्स न डालें.
- जहाँ पर मुख्य प्लग या किसी उपकरण कपलर का उपयोग डिस्कनेक्ट डिवाइस के रूप में किया जाता है, वह डिस्कनेक्ट डिवाइस सरलता से काम करने योग्य रहेगी.
- बिजली चमकने वाले तूफ़ान आने से पहले उत्पाद को पावर आउटलेट से डिस्कनेक्ट कर दें.
- पावर की तार को डिस्कनेक्ट करते समय, हमेशा प्लग को खींचें, केबल को कभी नहीं.

शॉर्ट सर्किट या आग का खतरा!

- आप उत्पाद को पावर आउटलेट से कनेक्ट करें इससे पहले, सुनिश्चित करें कि पावर वोल्टेज उत्पाद के पीछे या नीचे मुद्रित मान से मेल खाती हो. यदि वोल्टेज भिन्न है, तो उत्पाद को पावर आउटलेट से कभी भी कनेक्ट न करें.

होम थिएटर के क्षति होने या इसके नुकसान का खतरा!

- दीवार पर लगाए जाने वाले उत्पादों के लिए, सप्लाई किए गए दीवार पर लगाए जाने वाले ब्रेकेट का ही उपयोग करें. वॉल माउन्ट को ऐसी दीवार पर सुरक्षित करें जो उत्पाद और वॉल माउन्ट दोने के भार को सह सके. Koninklijke Philips Electronics N.V. पर अनुपयुक्त वॉल माउन्टिंग के लिए, जिसका परिणाम दुर्धटना, क्षति या नुकसान में होता है कोई ज़िम्मेदारी नहीं है.
- स्टैंड वाले स्पीकरों के लिए, केवल सप्लाई किए गए स्टैंड्स का उपयोग करें. स्टैंड्स को स्पीकरों के साथ मजबूती से सुरक्षित करें. असेंबल किए गए स्टैंड्स को समतल, सतहों पर रखें जो स्पीकर और स्टैंड दोनों के संयुक्त भार को सहारा दे सके.
- किसी भी सामान या वस्तु को पावर की तार या अन्य विघुत उपकरण पर न रखें.
- यदि उत्पाद को 5°से. से कम के तापमान में ले जाया जाता है, तो उत्पाद को अनपैक करें और तब तक प्रतीक्षा करें जब तक इसका तापमान पावर आउटलेट से कनेक्ट करने से पहले कमरे के तापमान से मेल नहीं खाए.
- जब खुला हो तो दृश्य और अदृश्य लेज़र किरणें. प्रकाश में लाने से बचें.
- डिस्क कम्पार्टमेंट के भीतर डिस्क ऑप्टिकल लेन्स को न छुएँ.
- इस उत्पाद के पार्ट्स शीशे के बने हो सकते हैं. चोट लगने या ख़राब होने से बचने के लिए सावधानी से उपयोग करें.

ज़्यादा गर्म होने का खतरा!

- इस उत्पाद को प्रतिबंधित स्थान पर कभी भी स्थापित न करें. उत्पाद के आस-पास हवा आने-जाने के लिए कम से कम चार इंच तक का स्थान हमेशा छोड़ें. सुनिश्चित करें कि पर्दे या अन्य वस्तुएं उत्पाद पर मौजूद हवा आने-जाने के स्थान को कभी भी न ढकें.

संदूषण का खतरा!

- बैटरियों को(पुरानी और नई या कार्बन और अल्कलाइन, आदि) आपस में न मिलाएँ.
- यदि बैटरियाँ गलत ढंग से बदली गईं है, तो विस्फोट होने का खतरा है. केवल समान या समतुल्य प्रकार की बैटरी से ही बदलें.
- यदि बैटरियाँ खाली हो गई हैं या रिमोट कंट्रोल का लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया है, तो बैटरियाँ निकालें.
- बैटरी में रासायनिक पदार्थ होते हैं, उनका उचित तरीके से निबटान किया जाना चाहिए.

क्षतिग्रस्त बैटरीज़ का जोखिम!

- उत्पाद/रिमोट कंट्रोल में एक सिक्के/बटन के प्रकार की बैटरी हो सकती है जिसे निगला जा सकता है. सभी समय बैटरीज़ को बच्चों की पहुँच से दूर रखें! यदि इसे निगल लिया गया तो, बैटरी गंभीर चोट या मौत का कारण बन सकती है. पेट में जाने के दो घंटे के भीतर ही गंभीर आंतरिक छाले हो सकते है.
- यदि आपको यह लगता है कि बैटरी को निगल लिया गया है या शरीर के किसी भाग के अंदर रख दिया गया तो तुरंत ही चिकित्सकीय उपचार ढूंढें.
- जब आप बैटरियाँ बदलते हैं, तो सभी नए और प्रयोग किए हुए बैटरियों को बच्चों की पहुंच से हमेशा दूर रखें. सुनिश्चित करें कि बैटरी बदलने के बाद बैटरी खंड पूरी तरह से सुरक्षित है.
- यदि बैटरी खंड पूरी तरह से सुरक्षित नहीं किया जा सकता है तो, उत्पाद का उपयोग करना बंद कर दें. बच्चों की पहुँच से दूर रखें और उत्पादक से संपर्क करें.

## अपने उत्पाद की देखभाल

- डिस्क कंपार्टमेंट में डिस्क्स के अलावा अन्य कोई भी ऑब्जेक्ट्स न डालें.
- डिस्क कंपार्टमेंट में क्षतिग्रस्त या दरार वाली डिस्क्स न डालें.
- अगर आप एक विस्तृत समयावधि के लिए उत्पाद का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो डिस्क कंपार्टमेंट से डिस्क्स निकालें.
- उत्पाद की सफ़ाई के लिए केवल माइक्रोफ़ाइबर कपडे का उपयोग करें.



HI.indd 2 2/16/2012 10:05:28 AM

## पर्यावरण की देखभाल



आपका उत्पाद उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और घटकों के साथ डिज़ाइन और निर्मित किया गया है, जिसे रीसायकल और पुन: उपयोग किया जा सकता है.



जब यह क्रॉस्ड-आउट व्हील बिन चिन्ह किसी उत्पाद से जुड़ा होता है, तो इसका अर्थ होता है कि उत्पाद European Directive 2002/96/EC के अंतर्गत आता है. कृपया अपने लिए विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की अलग से स्थानीय संग्रह प्रक्रिया के बारे में जानकारी दें.
कृपया अपने स्थानीय नियमों के अनुसार कार्य करें और अपने सामान्य घरेलू कचरे के साथ अपने पुराने उत्पादों का निपटान न करें. आपके पुराने उत्पाद का सही निपटान, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद करता है.



आपके उत्पाद में European Directive 2006/66/EC के अंतर्गत आने वाली बैटरीज़ हैं, जिसका निपटान सामान्य घरेलू कचरे के साथ नहीं किया जा सकता.
कृपया बैटरीज़ के पृथक संग्रह पर स्थानीय नियमों के बारे में स्वयं को सूचित करें क्योंकि सही निपटान वातावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित नकारात्मक परिणामों को रोकने में मदद करता है.

## मदद और समर्थन

Philips विस्तृत ऑनलाइन समर्थन प्रदान करता है. हमारी वेबसाइट www.philips.com/support पर जाएँ:

- पूर्ण उपयोगकर्ता मैन्युअल डाउनलोड करें
- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका मुद्रित करें
- वीडियो प्रशिक्षण सामग्रियाँ देखें (केवल कुछ निश्चित मॉडल्स के लिए ही उपलब्ध)
- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQs) के उत्तरों में से उत्तर ढूँढें
- हमें प्रश्न ईमेल करें
- हमारे समर्थन प्रतिनिधि के साथ चैट करें.

अपनी भाषा का चयन करने के लिए वेबसाइट पर निर्देशों का अनुसरण करें और फिर अपना उत्पाद मॉडल नंबर दर्ज करें.
वैकल्पिक रूप से, आप अपने देश में Philips उपभोक्ता सेवा से संपर्क कर सकते हैं. Philips से संपर्क करने से पहले, अपने उत्पाद का मॉडल नंबर और क्रमांक संख्या नोट कर लें. अपने उत्पाद के पिछले या निचले भाग पर आपको यह जानकारी प्राप्त हो सकती है.

# 2 आपका होम थिएटर

अपकी ख़रीद पर बधाई और Philips में स्वागत है! Philips द्वारा प्रस्तावित समर्थन का पूर्ण लाभ लेने के लिए, अपने उत्पाद को www.philips.com/welcome पर पंजीकृत करें.

हिन्दी

## मुख्य इकाई

इस अनुभाग में मुख्य यूनिट का ओवरव्यू शामिल है.




① डिस्क कंपार्टमेंट

② प्रदर्शन पैनल

③ ▲ (खोलें/बंद करें)
डिस्क कंपार्टमेंट खोलें या बंद करें, या डिस्क बाहर निकालें.

④ ▶❚❚ (चलाएँ/ठहरें)
चलाएँ आरंभ करें, रोकें या पुनरारंभ करें.

⑤ SOURCE
होम थिएटर के लिए एक ऑडियो/वीडियो स्रोत का चयन करें.

⑥ ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)
होम थिएटर को चालू या स्टैंडबाय पर स्विच करें.

## कनेक्टर्स

इस अनुभाग में आपके होम थिएटर पर उपलब्ध कनेक्टर्स का ओवरव्यू शामिल है.

### सामने के कनेक्टर्स



① ⭠ (USB)
USB संग्रहण डिवाइस से ऑडियो, वीडियो या चित्र इनपुट.

② MUSIC iLINK
MP3 प्लेयर से ऑडियो इनपुट.

## रियर कनेक्टर्स




① AC MAINS
पावर आपूर्ति से कनेक्ट करें.

② SPEAKERS
आपूर्ति किए गए स्पीकर्स और सबवूफ़र से कनेक्ट करें.

③ HDMI OUT
TV पर HDMI इनपुट से कनेक्ट करें.

④ OPTICAL IN
TV या किसी डिजिटल डिवाइस पर एक ऑप्टिकल ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करें.

⑤ VIDEO OUT
TV पर मिश्रित वीडियो इनपुट से कनेक्ट करें.

⑥ AUDIO IN-AUX
TV या किसी एनालॉग डिवाइस पर एनालॉग ऑडियो आउटपुट से कनेक्ट करें.

⑦ ANTENNA FM
FM एंटीना फ़िक्स किया गया.

# रिमोट कंट्रोल

इस अनुभाग में रिमोट कंट्रोल का ओवरव्यू शामिल है.




① ⏻ (स्टैंडबाय-चालू)
- होम थिएटर को चालू या स्टैंडबाय पर स्विच करें.
- EasyLink सक्षम होने पर, सभी कनेक्ट किए गए HDMI CEC संगत डिवाइसेज़ को स्टैंडबाय पर स्विच करने के लिए कम से कम तीन सेकंड्स के लिए दबाए रखें.



HI.indd 4 2/16/2012 10:05:30 AM

② ≜ (खोलें/बंद करें)
डिस्क कंपार्टमेंट खोलें या बंद करें, या डिस्क बाहर निकालें.

③ स्रोत बटन
- DISC: डिस्क स्रोत पर स्विच करें.जब आप किसी डिस्क को चलाएँ तो डिस्क मेनू तक पहुँचे या बाहर निकलें.
- AUDIO SOURCE: किसी ऑडियो इनपुट स्रोत का चयन करें.
- RADIO: FM रेडियो पर स्विच करें.
- USB: USB संग्रहण डिवाइस पर स्विच करता है.

④ नेविगेशन बटन
- मेनूज़ नेविगेट करें.
- वीडियो मोड में, तेजी से पीछे या तेजी से आगे जाने के लिए बाएँ या दाएँ दबाएं; धीरे पीछे या धीरे आगे जाने के लिए ऊपर या नीचे दबाएँ.
- रेडियो मोड में, रेडियो स्टेशन खोजने के लिए बाएं या दाएं दबाएँ; रेडियो आवृत्ति ट्यून करने के लिए ऊपर या नीचे दबाएं.

⑤ OK
किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करें.

⑥ ⮌ BACK
पिछले मेनू स्क्रीन पर वापस जाएँ.

⑦ ⏮ / ⏭ (पिछला/अगला)
- पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाएँ.
- रेडियो मोड में, किसी प्रीसेट रेडियो स्टेशन का चयन करें.

⑧ 🔇 (म्यूट)
वॉल्यूम म्यूट या पुनर्स्थापित करें.

⑨ VOL +/-
वॉल्यूम बढ़ाएँ या घटाएँ.

⑩ SOUND
किसी ध्वनि मोड का चयन करें.

⑪ सांख्यिक बटन
चलाने के लिए एक आइटम का चयन करता है.

⑫ ANGLE
विभिन्न कैमरा कोणों से रिकॉर्ड किए हुए वीडियो दृश्यों का चयन करें.

⑬ REPEAT / PROGRAM
- दोहराएँ मोड का चयन करें या बंद करें.
- रेडियो मोड में, प्रोग्राम मोड तक पहुँचने के लिए एक बार दबाएँ और रेडियो स्टेशन संग्रहीत करने के लिए दोबारा दबाएँ.
- रेडियो मोड में, रेडियो स्टेशंस को पुन: स्थापित करने के लिए तीन सेकेंड के लिए दबाए रखें.

⑭ REPEAT A-B
चलाएँ दोहराने के लिए, या दोहराएँ मोड को बंद करने के लिए किसी अध्याय के भीतर दो बिंदु चिह्नित करें.

⑮ CREATE MP3/ZOOM
- MP3 मेनू का निर्माण करें को एक्सेस करें.
- किसी वीडियो दृश्य या चित्र में ज़ूम करें. नेविगेशन बटन ज़ूम फ़ैक्टर का चयन करने के लिए (बाएँ/दाएँ) दबाएँ.

⑯ SCREEN FIT
टीवी स्क्रीन के लिए चित्र प्रारूप को फिट करें.

⑰ SUBTITLE
वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करें.

⑱ AUDIO SYNC
- किसी ऑडियो भाषा या चैनल का चयन करें.
- ऑडियो डिले सेटिंग तक पहुंच प्राप्त करने के लिए दबाए रखें, और फिर +/- या नेविगेशन बटन दबा कर वीडियो से मिलान करने के लिए ऑडियो को विलंबित करें.

⑲ SURR
सराउंड साउंड या सराउंड साउंड का चयन करें.

⑳ ■ (रोकें)
- चलाएँ रोकें.
- रेडियो मोड में, वर्तमान प्रीसेट रेडियो स्टेशनों को हटाने के लिए दबाए रखें.

㉑ ▶❚❚ (चलाएँ/ठहरें)
चलाएँ आरंभ करें, रोकें या पुनरारंभ करें.

㉒ ⓘ INFO
डिस्क या किसी USB संग्रहण डिवाइस को चलाते हुए अधिक चलाएँ विकल्प प्राप्त करें.

㉓ SETUP
डिस्क मेनू तक पहुँच प्राप्त करें या बाहर आएँ.

㉔ SLEEP
बीते समय के बाद होम थिएटर को स्टैंड बाय मोड पर स्विच करें.

# 3 कनेक्ट करें और सेटअप करें

यह अनुभाग आपके होम थिएटर को किसी TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करने, और फिर इसे सेट अप करने में आपकी मदद करता है. अपने होम थिएटर और एक्सेसरीज़ के मूल कनेक्शंस की जानकारी के बारे में, त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका देखें. एक व्यापक सहभागी मार्गदर्शिका के लिए, www.connectivityguide.philips.com पर जाएँ.

नोट

- पहचान और आपूर्ति रेटिंग्स के लिए, उत्पाद के पिछले या निचले हिस्से में प्रकार प्लेट देखें.
- इससे पहले कि आप कोई कनेक्शंस बनाएँ या परिवर्तित करें, यह सुनिश्चित कर लें कि सभी डिवाइसेज़ पॉवर आउटलेट से डिस्कनेक्ट किए गए हैं.

## स्पीकर्स कनेक्ट करें

आसान कनेक्शन के लिए स्पीकर केबल्स को रंग कोड दिया गया है. अपने होम थिएटर से किसी स्पीकर को कनेक्ट करने के लिए, स्पीकर केबल के रंग का कनेक्टर के रंग से मिलान करें.

स्पीकर स्थिति आस-पास ध्वनि प्रभाव की सेटिंग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. श्रेष्ठ प्रभाव के लिए, सभी स्पीकर्स को बैठने की स्थिति की दिशा में स्थित करें और उन्हें अपने कान के स्तर (बैठे हुए) के निकट रखें.




नोट

- आस-पास ध्वनि कमरे के स्वरूप और आकार, दीवार और छत के प्रकार, खिड़कियों और प्रतिबिंबित सतहों और स्पीकर अकाउस्टिक्स जैसे तथ्यों पर निर्भर करता है. अपने लिए सर्वश्रेष्ठ सेटिंग प्राप्त करने के लिए स्पीकर स्थिति के साथ प्रयोग करें.

स्पीकर प्लेसमेंट के लिए इन सामान्य दिशानिर्देशों का अनुसरण करें.

1. बैठने की स्थिति:
   यह आपके श्रवण क्षेत्र का केंद्र है.
2. FRONT CENTER(आगे स्थित केंद्र) स्पीकर:
   मध्य स्पीकर को सीधे या तो टीवी के ऊपर या नीचे बैठने के स्थान के सामने रखें.
3. FRONT LEFT (अगला बायां) और FRONT RIGHT(अगला दायां) स्पीकर्स:
   बाएँ और दाएँ स्पीकर को आगे की ओर और केंद्रीय स्पीकर से समान दूरी पर रखें. सुनिश्चित करें कि बाएँ, दाएँ और केंद्रीय स्पीकर्स आपके बैठने की स्थिति से समान दूरी पर हैं.
4. REAR LEFT (पीछे का बायाँ) और REAR RIGHT(पीछे का दायाँ) स्पीकर्स:
   पीछे के स्पीकर्स को अपने बैठने के स्थान के बाईं या दाईं तरफ या तो पंक्ति में या थोड़ा पीछे रखें.
5. SUBWOOFER (सबवूफ़र):
   सबवूफ़र को टीवी के बाईं या दाईं ओर कम से कम एक मीटर की दूरी पर रखें. दीवार से कम से कम 10-सेंटीमीटर की दूरी छोड़ें.

## TV से कनेक्ट करें

वीडियो देखने के लिए अपने होम थिएटर को TV से जोडें. आप अपने होम थिएटर के स्पीकर्स के माध्यम से TV ऑडियो सुन सकते हैं. सबसे अच्छे उपलब्ध गुणवत्ता के कनेक्शन का उपयोग अपने होम थिएटर व TV के लिए करें.

### विकल्प 1: मानक HDMI के द्वारा टी वी से कनेक्ट करें.

सर्वोत्तम गुणवत्ता का वीडियो
मानक HDMI कनेक्शन के द्वारा TV को अपने होम थिएटर से कनेक्ट करें.

1. उच्च गति की HDMI केबल के साथ, आपके होम थिएटर के HDMI OUT कनेक्टर को आपके TV के कनेक्टर HDMI से कनेक्ट करें.
2. TV ऑडियो सुनने के लिए अपने होम थिएटर के माध्यम से ऑडियो केबल कनेक्ट करें (देखें 'ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 7).
   - जब आप TV कार्यक्रम देखते हैं, तो सही ऑडियो इनपुट का चयन करने के लिए अपने होम थिएटर पर बार-बार SOURCE दबाएँ.
3. अपने TV पर, HDMI-CEC कार्रवाईयाँ चालू करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.

नोट

- यदि आपके TV में DVI कनेक्टर्स है, तब आप HDMI/DVI एडॉप्टर का उपयोग TV को कनेक्ट करने में कर सकते हैं. हालाँकि, हो सकता है कि कुछ सुविधाएँ उपलब्ध न हों.




## विकल्प 2: कम्पोजिट विडियो के जरिये टी वी से कनेक्ट करें.

मूल गुणवत्ता वीडियो
यदि आपके TV में HDMI कनेक्टर्स नहीं हैं, तो एक संयोजित वीडियो कनेक्शन का उपयोग करें. एक उच्च निर्धारण कनेक्शन को संयोजित कनेक्शन समर्थन नही करता है.

1. संयोजित वीडियो केबल के उपयोग द्वारा, आपके होम थिएटर के VIDEO कनेक्टर को आपकी TV के कनेक्टर VIDEO IN से कनेक्ट करें.
   - हो सकता है कि संयोजित वीडियो कनेक्टर को AV IN, COMPOSITE या BASEBAND के रूप में लेबल दिया गया हो.
2. TV ऑडियो सुनने के लिए अपने होम थिएटर के माध्यम से ऑडियो केबल कनेक्ट करें (देखें 'ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें' पृष्ठ पर 7).
3. जब आप TV कार्यक्रम देखते हैं, तो सही ऑडियो इनपुट का चयन करने के लिए अपने होम थिएटर पर बार-बार SOURCE दबाएँ.
4. जब आप वीडियो देखते हैं, तो अपने TV को सही वीडियो इनपुट से कनेक्ट करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.




# ऑडियो को TV और अन्य डिवाइसेज़ से कनेक्ट करें

अपने होम थिएटर स्पीकर्स के माध्यम से TV या अन्य डिवाइसेज़ से ऑडियो चलाएँ.
अपने TV, होम थिएटर और अन्य डिवाइसेज़ पर उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता कनेक्शन का उपयोग करें.

**नोट**

- इस उपयोगकर्ता मैन्युअल में दिये गए ऑडियो कनेक्शन्स केवल सलाह है. आप अन्य कनेक्शन भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

## विकल्प 1: एक डिजिटल ऑप्टिकल केबल के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता का ऑडियो

1. ऑप्टिकल केबल का उपयोग करते हुए, अपने होम थिएटर के OPTICAL कनेक्टर को TV या अन्य डिवाइस के OPTICAL OUT कनेक्टर से कनेक्ट करें.
   - हो सकता है कि डिजिटल ऑप्टिकल कनेक्टर को SPDIF या SPDIF OUT लेबल दिया गया हो.




## विकल्प 2: एनालॉग ऑडियो केबल्स के द्वारा ऑडियो कनेक्ट करें

मूल गुणवत्ता का ऑडियो

1. एनालॉग केबल का उपयोग करते हुए, अपने होम थिएटर के AUX कनेक्टर्स को TV या अन्य डिवाइस के AUDIO OUT कनेक्टर्स से कनेक्ट करें.




# स्पीकर्स सेट करें

अनुकूलित सराउंड ध्वनि को अनुभव करने के लिए स्पीकर्स को मैन्युअल रूप से सेट करें.
आप प्रारंभ करें इससे पहले
त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस करें और फिर TV को अपने होम थिएटर के लिए सही स्रोत से स्विच करें.

1. अपने होम थियेटर रिमोट कंट्रोल को SETUPदबाएं.

2 [Audio Setup] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

3 चयन और बदलाव करने के लिएनेविगेशन बटन और OKदबाएँ:

- [Speakers Volume]: प्रत्येक स्पीकर के ध्वनि स्तर को निर्धारित करें.
- [Speakers Delay]: बैठने की स्थिति के नजदीक स्थित स्पीकरों में डिले समय निर्धारित करें जिससे सभी स्पीकर्स से समान ऑडियो ट्रांसमिशन प्राप्त किया जा सके.

## EasyLink (HDMI-CEC नियंत्रण) सेट करें

यह होम थिएटर Philips EasyLink का समर्थन करता है, जो कि HDMI-CEC (उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स नियंत्रण) प्रोटोकॉल का उपयोग करता है. HDMI कनेक्टर्स द्वारा कनेक्ट किए गए EasyLink-शिकायत डिवाइसेज़ एक एकल रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित किए जा सकते हैं.

नोट

- निर्माता के आधार पर, HDMI-CEC को कई नामों से जाना जाता है. अपने डिवाइस के बारे में जानकारी के लिए, डिवाइस का उपयोगकर्ता मैन्युअल देखें.
- Philips सभी HDMI-CEC डिवाइसेज़ की 100% अंतर्संचालनीयता की गारंटी नहीं देता है.

आप प्रारंभ करें इससे पहले

- HDMI कनेक्शन के माध्यम से अपने होम थिएटर को HDMI-CEC संगत डिवाइस से कनेक्ट करें.
- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस करें और फिर TV को अपने होम थिएटर के लिए सही स्रोत से स्विच करें.

### EasyLink सक्षम करें

1 SETUP दबाएँ.

2 [Video Setup] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

3 [HDMI Setup] > [EasyLink Setup] > [EasyLink] > [On] का चयन करें.

4 अपने TV और अन्य कनेक्ट किए गए डिवाइसेज़ पर, HDMI-CEC नियंत्रण चालू करें. विवरणों के लिए, TV या अन्य डिवाइसेज़ का उपयोगकर्ता मैन्युअल देखें.

- अपने TV पर, ऑडियो आउटपुट को 'एम्पलीफ़ायर' (TV स्पीकर्स के बजाय) पर सेट करें. अधिक जानकारी के लिए, TV उपयोगकर्ता मैन्युअल को देखें.

### EasyLink नियंत्रण

EasyLink के साथ, आप अपने होम थिएटर, TV और अन्य कनेक्ट किए गए HDMI-CEC संगत डिवाइसेज़ को एक ही रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित कर सकते हैं.

- [One Touch Play] (वन-टच प्ले): जब डिस्क कम्पार्टमेंट में एक वीडियो डिस्क होती है, तो TV को स्टैंडबाय से हटाने के लिए ▶❚❚ दबाएँ और फिर डिस्क को चलाएँ.
- [One Touch Standby] (वन-टच स्टैंडबाय): यदि वन-टच स्टैंडबाय सक्षम किया गया है, तो आपका होम थिएटर TV या अन्य HDMI-CEC डिवाइसेज़ के रिमोट कंट्रोल से स्टैंडबाय पर स्विच कर सकता है.

नोट

- EasyLink नियंत्रण सेटिंग्स परिवर्तित करने के लिए, दबाएँ SETUP, का चयन करें [Video Setup] > [HDMI Setup] > [EasyLink Setup].



HI.indd 8 2/16/2012 10:05:33 AM

# 4 अपने होम थिएटर का उपयोग करें

यह अनुभाग स्रोतों की एक विस्तृत श्रेणी से मीडिया चलाने के लिए होम थिएटर का उपयोग करने में आपकी मदद करता है.
आप प्रारंभ करें इससे पहले

- त्वरित प्रारंभ मार्गदर्शिका और उपयोगकर्ता मैन्युअल में वर्णित आवश्यक कनेक्शंस बनाएँ.
- TV को अपने होम थिएटर के लिए सही स्रोत में स्विच करें (उदाहरण के लिए, HDMI, AV IN).

## डिस्क

आपके होम थिएटर पर DVD, VCD, और CD चल सकती है. यह वो डिस्क भी चला सकता है जिन्हें आपने घर में बनाया है, जैसे कि फ़ोटो और संगीत की CD-R डिस्क.

1. होम थिएटर में एक डिस्क डालें.
2. यदि डिस्क अपने आप नहीं चलती है, तो DISC दबाएं.
3. चलाएँ को नियंत्रित करने के लिए रिमोट कंट्रोल का उपयोग करें. (देखें 'रिमोट कंट्रोल' पृष्ठ पर 4)

### बटन चलाएँ

| बटन | क्रिया |
|---|---|
| नेविगेशन बटन | मेनूज़ नेविगेट करें.<br>ऊपर/नीचे:<br>• वीडियोः धीरे आगे जाना या धीरे पीछे जाना (VCD/SVCD केवल धीरे आगे जा सकता है).<br>• चित्र: चित्र को घड़ी की दिशा या घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ.<br>बाएँ/दाएँ:<br>• वीडियोः फ़ास्ट बैकवर्ड या फ़ास्ट फ़ॉर्वर्ड. खोज की गति बदलने के लिए बार-बार दबाएँ.<br>• चित्र: तस्वीर को लंबवत या क्षैतिज रूप से घुमाएं. |
| OK | किसी प्रविष्टि या चयन की पुष्टि करें. |
| ▶❚❚ (चलाएँ/ ठहरें) | चलाएँ आरंभ करें, रोकें या पुनरारंभ करें. |
| ■ | चलाएँ रोकें. |
| ❙◀ / ▶❙ | पिछले या अगले ट्रैक, अध्याय या फ़ाइल पर जाएँ. |
| SUBTITLE | वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करें. |
| DISC | डिस्क मेनू तक पहुँच प्राप्त करें या बाहर आएँ. |
| AUDIO SYNC | किसी ऑडियो भाषा या चैनल का चयन करें. |
| SCREEN FIT | टीवी स्क्रीन के लिए चित्र प्रारूप को फिट करें. |
| ZOOM | किसी वीडियो दृश्य या चित्र पर ज़ूम करें. |
| REPEAT | दोहराएँ मोड का चयन करें या बंद करें. |
| REPEAT A-B | चलाएँ दोहराने के लिए, या दोहराएँ मोड को बंद करने के लिए किसी अध्याय के भीतर दो बिंदु चिह्नित करें. |
| ANGLE | विभिन्न कैमरा कोणों से रिकॉर्ड किए हुए वीडियो दृश्यों का चयन करें. |
| INFO | जब आप अपनी ऑडियो, वीडियो, या मीडिया फ़ाइलें चलाते हैं तब उन्नत विकल्पों तक पहुँच प्राप्त करें (देखें 'ऑडियो, वीडियो और चित्र विकल्प' पृष्ठ पर 10). |

### चित्र और ध्वनि सिंक्रनाइज़ करें

अगर ऑडियो और वीडियो सिंक्रनाइज़ नहीं किए गए हैं, तो आप वीडियो से मिलाने के लिए ऑडियो में विलंब करें.

1. वीडियो चलाते हुए, दबाए रखें AUDIO SYNC.
   ↳ ऑडियो सिंक मेनू प्रदर्शित करता है.
2. ऑडियो को वीडियो के साथ सिंक्रनाइज़ करने के लिए +/- या नेविगेशन बटन को दबाएँ, और फिर OK दबाएँ.

नोट

- चित्र और ध्वनि को आपके होम थिएटर के सेटअप मेनू के माध्यम से सिंक्रनाइज़ किया जा सकता है, SETUP दबाएँ, [Audio Setup] > [Audio Sync] का चयन करें.

## डेटा फ़ाइलें

आपका होम थिएटर किसी डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस में मौजूद चित्र, ऑडियो और वीडियो फ़ाइलों को चला सकता है. फ़ाइल चलाने से पहले, जाँच लें कि फ़ाइल स्वरूप आपके होम थिएटर द्वारा समर्थित है (देखें 'फ़ाइल स्वरूप' पृष्ठ पर 15).

1. किसी डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से फ़ाइलें चलाएँ.
2. चलाएँ बंद करने के लिए, ■ दबाएँ.
   - जहाँ आपने रोका था, वहाँ से वीडियो पुनरारंभ करने के लिए ▶❚❚ दबाएँ.





HI.indd 9 2/16/2012 10:05:33 AM

### उपशीर्षक

यदि आपके वीडियो में उपशीर्षक एकाधिक भाषाओं में हैं, तो एक उपशीर्षक भाषा का चयन करें.

नोट

- यह सुनिश्चित करें कि उपशीर्षक फ़ाइल का ठीक वही नाम है, जो वीडियो फ़ाइल का है. उदाहरण के लिए, यदि वीडियो फ़ाइल का नाम 'movie.avi' है, तो उपशीर्षक फ़ाइल को 'movie.srt' या 'movie.sub' के रूप में नाम दें.
- आपका होम थिएटर निम्न फ़ाइल स्वरूपों का समर्थन करता है: .srt, .sub, .txt, .ssa, .ass, smi और .sami. यदि उपशीर्षक ठीक से प्रकट नहीं होते हैं, तो वर्ण सेट बदलें.

1 वीडियो चलाते हुए, किसी भाषा का चयन करने के लिए SUBTITLE दबाएँ.
2 DivX वीडियोज़ के लिए, यदि उपशीर्षक सही रूप में प्रकट नहीं होते हैं, तो वर्ण सेट बदलने के लिए निम्न चरणों का अनुसरण जारी रखें.
3 SETUP दबाएँ.
4 [Preference Setup] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
5 [DivX Subtitle] का चयन करें और फिर उपशीर्षक का समर्थन करने वाले वर्ण सेट का चयन करें.

| कैरेक्टर सैट | भाषा |
|---|---|
| [Standard] | अंग्रेज़ी, अल्बेनियाई, डेनिश, डच, फिन्निश, फ्रेंच, गायलिक, जर्मन, इटेलियाई, कुर्दिश (लैटिन), नार्वेजियन, पुर्तगाली, स्पेनिश, स्वीडिश और तुर्की |
| [Central Europe] | अल्बेनियाई, क्रोएशियन, चेक, डच, अंग्रेज़ी, जर्मन, हंगेरियन, आइरिश, पोलिश, रोमानियाई, स्लोवॉक, स्लेवीन और सोर्बियन |
| [Cyrillic] | बुल्गारियाई, बेलारूसी, अंग्रेज़ी, मैसीडोनियाई, मॉलदीवियन, रूसी, सर्बियाई और यूक्रेनियाई |
| [Greek] | यूनान |
| [Hebrew] | हीब्रू |
| [Chinese] | सरलीकृत चीनी |

### DivX के लिए VOD कोड

आपके DivX वीडियोज़ ख़रीदने और उन्हें होम थिएटर पर चलाने से पहले, होम थिएटर को DivX VOD कोड का उपयोग करते हुए www.divx.com पर पंजीकृत करें.

1 SETUP दबाएँ.
2 [General Setup] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
3 [DivX(R) VOD Code] का चयन करें और फिर OK दबाएँ.
4 फिर से OK दबाएँ.
↳ आपके होम थिएटर के लिए DivX VOD पंजीकरण कोड प्रदर्शित होता है.

## USB संग्रहण डिवाइसेज़

MP4 प्लेयर या डिजिटल कैमरे जैसे USB संग्रहण डिवाइस पर संग्रहीत किए गए चित्रों, ऑडियो और वीडियो का आनंद उठाएँ.

आपको क्या चाहिए

- एक USB संग्रह डिवाइस वह है, जो FAT फ़ाइल सिस्टम के लिए स्वरूपित किया जाता है और व्यापक संग्रह श्रेणी के अनुपालन में है.

नोट

- यदि आप USB एक्सटेंशन केबल, USB HUB या USB मल्टी-रीडर का उपयोग करते हैं, तो हो सकता है कि USB संग्रहण डिवाइस पहचानी नहीं जा सके.
- आप एक डिजिटल कैमरा से कनेक्ट कर सकते हैं यदि वे किसी विशेष कंप्यूटर प्रोग्राम का उपयोग किए बिना फ़ाइलों को चला सकते हैं.

1 अपने होम थिएटर पर (USB) कनेक्टर से एक USB संग्रहण डिवाइस कनेक्ट करें.
2 USB दबाएँ.
↳ सामग्री ब्राउजर दिखाया गया है.
3 फ़ाइल का चयन करें, और फिरOK दबाएँ.
4 चलाना नियंत्रित करने के लिए प्ले बटंस का उपयोग करें (देखें 'बटन चलाएँ' पृष्ठ पर 9).

## ऑडियो, वीडियो और चित्र विकल्प

जब आप किसी डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से चित्र, ऑडियो और वीडियो फ़ाइलें चलाते हैं तब उन्नत सुविधाओं का उपयोग करें.

### ऑडियो विकल्प

1 निम्न फ़ंक्शंस से गुज़रने के लिए बार-बार INFO दबाएँ:
- वर्तमान ट्रैक की जानकारी और अवधि दिखाएं.
- Disc Go To: डिस्क के एक विशेष भाग को स्किप करने के लिए डिस्क समय को दर्ज करें.
- Track Go To: ट्रैक को एक विशेष भाग को स्किप करने के लिए ट्रैक समय को दर्ज करें.
- Select Track: एक विशेष ट्रैक का चयन करें.

### वीडियो विकल्प

1 INFO दबाएँ.
↳ वीडियो विकल्प मेनू प्रदर्शित होता है. वीडियो स्रोत पर निर्भर होने के कारण कुछ स्रोत उपलब्ध नहीं होते.
2 चयन और बदलाव करने के लिएनेविगेशन बटन और OKदबाएँ:
- [शीर्षक]: किसी विशिष्ट शीर्षक का चयन करें.
- [चैप्टर]: किसी विशिष्ट अध्याय का चयन करें.



HI.indd 10 2/16/2012 10:05:34 AM

- [ट्रैक]: एक विशिष्ट ट्रैक (केवल VCD/SVCD के लिए) का चयन करें.
- [Audio]: वीडियो के लिए ऑडियो भाषा का चयन करें.
- [Subtitle]: वीडियो के लिए उपशीर्षक भाषा का चयन करें.
- [एंगल]: विभिन्न कैमरा कोणों से रिकॉर्ड किए हुए वीडियो दृश्यों का चयन करें.
- [TT Time]: दृश्य का समय दर्ज करके वीडियो के किसी विशिष्ट भाग को छोड़ दें.
- [Ch Time]: दृश्य का समय दर्ज करके वीडियो के किसी विशिष्ट भाग को छोड़ दें.
- [Disc Time]: डिस्क समय (केवल VCD/SVCD के लिए) दर्ज करने के द्वारा वीडियो के एक विशेष हिस्से को स्किप करें.
- [Track Time]: ट्रैक समय (केवल VCD/SVCD के लिए) दर्ज करने के द्वारा वीडियो के एक विशेष हिस्से को स्किप करें.
- [Preview]: डिस्क के लिए "सामग्री पूर्वावलोकन" का चयन करें.
- [Repeat]: दुहराएं मोड का चयन करें.
- [टाइम डिस्प]: समय डिस्प्ले की जानकारी का चयन करें.

### चित्र विकल्प

1 चित्र पूर्व-अवलोकन मोड को एक्सेस करने के लिए ⓘ INFOदबाएं.
   ↳ 12 थंबनेल चित्र प्रदर्शित होंगे.

2 पिछले या अगले पूर्व-अवलोकन पृष्ठ पर जाने के लिए ⏮ / ⏭ दबाएं.

3 एक चित्र का चयन करने के लिए नेविगेशन बटनऔरOK दबाएं.

### संगीतमय स्लाइडशो

यदि चित्र और ऑडियो फ़ाइलें किसी समान डिस्क या USB संग्रहण डिवाइस से हैं, तो आप एक संगीतमय स्लाइडशो बना सकते हैं.

1 किसी ऑडियो ट्रैक का चयन करें और फिर OK दबाएँ.

2 ⮌ BACK दबाएँ और चित्र फ़ोल्डर पर जाएँ.

3 चित्र का चयन करें, फिर स्लाइडशो प्रारंभ करने के लिए OK दबाएँ.

